भारतीय डाक विभाग

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय , महाराष्ट्र सर्कल, मुंबई - 400 001

(363)

सेवा में ,

1. पोस्टमास्टर जनरल, नवी मुंबई क्षेत्र, पनवेल - 410 206
2. पोस्टमास्टर जनरल, नागपुर क्षेत्र, नागपुर - 444001
3. अधीक्षक डाकघर, पालघर मंडल, मीरा रोड - 401 107
4. अधीक्षक डाकघर, वर्धा मंडल, वर्धा- 442001

संख्या:सतर्कता/पीएम-एमजी एवं एमटीएस भर्ती-2015/उच्चतम न्यायालय निर्णय/2021 **दिनांक 16.12.2022**

विषय : वर्ष 2015 में पोस्टमैन/मेलगार्ड एवं एमटीएस संवर्ग के लिए सीधी भर्ती परीक्षा - उम्मीदवारी रद्दकरण सूची।

संदर्भ : सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सतर्कता), सर्किल कार्यालय का दिनांक – 29.01.2021 का पत्र संख्याः सतर्कता/पीएम-एमजी एवं एमटीएस भर्ती-2015/ उच्चतम न्यायालय निर्णय /2021

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और इस निर्णय के कार्यान्वयन के लिए निदेशालय के अनुमोदन को ध्यान में रखते हुए, उम्मीदवारों के दोषी और निर्दोषी के रूप में पृथक्करण करने की युक्ति निकालने के लिए एक समिति का गठन किया गया था।

तदनुसार, उपरोक्त संदर्भांकित पत्र के माध्यम से दिनांक 29.01.2021 को संदिग्ध दोषी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की गई थी। उक्त सूची में कुल 73 उम्मीदवारों को संदिग्ध दोषी घोषित किया गया, जिनके हस्ताक्षर में भिन्नता पायी गयी। इन उम्मीदवारों को 19.02.2021 को इस कार्यालय में बुलाया गया था ताकि उनके नमूना हस्ताक्षर लेकर आगे सीएफएसएल को भेजे जा सकें। इन उम्मीदवारों के हस्ताक्षरों का नमूना आगे सत्यापन के लिए सीएफएसएल को दिया गया था।

सीएफएसएल ने कुछ उम्मीदवारों के संबंध में नमूना हस्ताक्षर और लिखावट के लिए फिर से अनुरोध किया है। जो उम्मीदवार दिनांक 29.03.2022, 21.04.2022 को नमूना हस्ताक्षर और लिखावट प्रदान करने के लिए इस कार्यालय में पुनः उपस्थित होने में विफल रहे, उन्हें 05.05.2022, 15.06.2022 और 05.08.2022 को इस कार्यालय में उपस्थित होने के लिए यह सूचित करते हुए पुनः अनुरोध किया गया कि इस कार्यालय में उपस्थित होने में विफलता से यह मान लिया जाएगा कि आप इस पद पर कार्यभार ग्रहण करने के इच्छुक नहीं हैं और इसलिए उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

तदनुसार, निम्नलिखित 2 उम्मीदवार न तो उपरोक्त तिथियों पर इस कार्यालय में उपस्थित हुए और न ही उन्होंने आज तक कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। इसलिए, निम्नलिखित 2 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द की जाती है:

क्र सं.	अनुक्रमांक	उम्मीदवार का नाम	संवर्ग	मंडल
1	125005939	श्री नितेश पुरुषोत्तम मेसेकर	डाकिया	वर्धा मंडल
2	125000025	श्री अश्विन एम. डहाके	डाकिया	पालघर मंडल

इस ज्ञापन की प्रति विभागीय वेबसाइट **https://indiapost.gov.in** पर अपलोड की जा रही है।

(अजेय सिंह)

सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सतर्कता)

प्रतिलिपि :-

1) श्री नितेश पुरुषोत्तम मेसेकर, मु. अंजी, पो. एंडोरी, तह.-देवली, वर्धा- 442101
2) श्री अश्विन एम. डहाके, मु. अगरगांव, तह. - देवली, वर्धा- 442101
3) सहा. निदे. डाक सेवाएं (भर्ती), मुख्य पो.मा.ज. का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्कल, मुंबई- 400001 सूचनार्थ।
4) सहा. निदे. डाक सेवाएं (विधिक), मुख्य पो.मा.ज. का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्कल, मुंबई- 400001 सूचनार्थ।